प्राधिकरण के कायाकल्प को बदलूंगा : वीरेन्द्र

ई-रिक्शा पर निकले विकास के नए सारथी, मोरवा से बैढ़न तक स्वागत का सैलाब, फूलों की बारिश से गूंज उठा शहर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। सिंगरौली की राजनीति और विकास प्राधिकरण के इतिहास में आज गुरुवार का दिन खास बन गया, जब सिंगरौली विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल शपथ ग्रहण के लिए बिल्कुल अलग अंदाज में रवाना हुए। सादगी, जनसंपर्क और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने आलीशान गाड़ियों के काफिले की बजाय ई-रिक्शा को चुना, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

सुबह अपने निवास से निकलने के बाद वीरेन्द्र गोयल सबसे पहले एलआईजी चौक पहुंचे, जहां उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद मोरवा स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और फिर जनआशीर्वाद यात्रा की शुरुआत हुई।

जैसे ही ई-रिक्शा में सवार होकर उनका काफिला मोरवा की सड़कों पर निकला, पूरा माहौल उत्सव में बदल गया। जगह-जगह व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई तो कहीं मिठाइयां बांटी गईं। ढोल-नगाड़ों की थाप पर समर्थक नाचते-गाते नजर आए। वीरेन्द्र गोयल जिंदाबाद और भाजपा जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हुजूम उनके साथ चलता दिखाई दिया। मोरवा से शुरू हुई यह यात्रा जयंत तिराहा, नवानगर, माजन मोड़, बड़े हनुमान मंदिर बैढ़न, इंदिरा चौक और भाजपा कार्यालय होते हुए विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंची।

इस दौरान वीरेन्द्र गोयल ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत की दिशा में आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहल भी बड़े बदलाव का कारण बन सकती हैं। सिंगरौली विकास प्राधिकरण कार्यालय में उनका शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जहां उन्होंने पद का शपथ लिया। इस दौरान पुरोहित डॉ. एनपी मिश्रा ने मंत्रोच्चारण किया।

सिंगरौली के विकास के लिए खड़ा रहूंगा

सिंगरौली विकास प्राधिकरण के पदभार ग्रहण के दौरान नवनियुक्त सीडा अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल ने कहा कि हमे जो शीर्ष नेतृत्व के द्वारा जिम्मेदारी सौपी गई है, उस जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करने के लिए दिन-रात मेहनत करूंगा, ताकि सिंगरौली का चहुमुखी विकास हो सके। उसके लिए खड़ा रहूंगा। शहर का रोड मैप तैयार होना चाहिए, प्राधिकरण के कायाकल्प को बदलूंगा। जो जिम्मेदारी मुझे सौपी गई है, उसके लिए मैं गनमैन, गाड़ी व कुर्सी के लिए सीमित नही रहूंगा। यह कुर्सी आम जनता के हित में कार्य करने के लिए मिली है, उसके लिए मैं हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वहीं भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद राजेश मिश्रा, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, पूर्व प्रदेश महामंत्री, शरदेंदु तिवारी, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राज्यमंत्री राधा सिंह व सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने वीरेन्द्र गोयल को प्राधिकरण की मिली जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करने की बात कहते हुये शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। तत्पश्चात सीडा सीईओ सुरेश जाधव, कार्यपालन यंत्री मनोज बाथम व तहसीलदार अभिषेक यादव ने पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान भारी संख्या में व्यापारी, भाजपा के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

400 किलो भार उठाकर डॉ. विनोद राय ने जीता स्वर्ण पदक

वर्ल्ड पावर गेम्स में सिंगरौली का जलवा

नवभारत न्यूज

बरगवां 14 मई। जिले के लिए गर्व की बात है कि शासकीय महाविद्यालय बरगवां में पदस्थ स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. विनोद राय ने गोवा के मडगांव में आयोजित वर्ल्ड पावर गेम्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। 60 प्लस आयु वर्ग के 105 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने 400 किलोग्राम वजन उठाकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की।

डॉ. विनोद राय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे सिंगरौली जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और खेल जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे डॉ. राय युवाओं के लिए प्रेरणा बनते जा रहे हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब कल शुक्रवार को आयोजित होने वाली आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में भी डॉ. विनोद राय अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिलेवासियों को उनसे एक और उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है। सोशल मीडिया पर भी उन्हें लगातार शुभकामनाएं और बधाइयां मिल रही हैं।

एक नजर में

नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस पार्षद ने जताई नाराजगी

सिंगरौली। पूरे देश में नीट परीक्षा रद्द होने के मामले में हाहाकार मचा हुआ है, विपक्ष भाजपा सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में पूर्व महामंत्री म.प्र. कांग्रेस एवं पार्षद अखिलेश सिंह ने पेपर लीक के कारण नीट परीक्षा रद्द होने के मामले में सरकार पर हमला तेज करते हुए अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा के साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए की क्रियाकलापों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच करने की मांग भी की है। उनका आरोप था कि छात्र सालों मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा से पहले ही पेपर आउट होने से उनका भविष्य दांव पर लग जाता है।

सीबीएसई 12वी में शुभा ने हासिल किए 92 प्रतिशत अंक

सिंगरौली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं बोर्ड की घोषित परीक्षा परिणाम में केन्द्रीय विद्यालय सिंगरौली की छात्रा शुभा सिंह चंदेल माता सुमन सिंह चंदेल पिता अंशुमान सिंह चंदेल ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करते हुए अपने परिवार का नाम रोशन किया है। शुभा सिंह चंदेल ने कला संकाय में विद्यालय में सर्वोच्च अंक हासिल करते हुए टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने इंगलिश कोर में 93, हिन्दी कोर में 92, हिस्ट्री में 90, जाग्रफी में 91, योगा में 94 अंक हासिल की।

रिलायंस कंपनी के खिलाफ श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रम कानून के उल्लंघन का आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। ओबी कंपनी रिलायंस में गत दिवस बुधवार की शाम के वक्त सीएचपी के कन्वेयर बेल्ट में कार्य के दौरान तकनीशियनों की लापरवाही से 5 श्रमिक घायल हो गये, जिसमें 2 की हालत गंभीर है।

घटना के दूसरे दिन आज गुरूवार को घायलो के परिजन एवं श्रमिक एकत्रित होकर कार्य बंद करते हुये रिलायंस कोल माइंस अमलोरी के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान सक्रिय नेता भी भास्कर मिश्रा पहुंच कंपनी प्रबंधन एवं घायलो के परिजनों के साथ उनकी समस्याओं को सुन चर्चा किये। चर्चा के दौरान श्रमिको ने कंपनी पर पीएफ एक साल एवं न्यूनतम निर्धारित मजदूरी न देने का आरोप लगाया। दरअसल बुधवार को रिलायंस मुहेर कोल माइंस के संविदा कंपनी स्टार ओ एण्ड एम सीएचपी (एसआरपी) में अचानक कन्वेयर बेल्ट चालू कर दिया गया, इसी दौरान राममिलन यादव समेत 5 लोग घायल हो गये। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण देखते हुये कंपनी प्रबंधन पहुंचा। साथ ही युवा नेता भास्कर मिश्रा भी पहुंचे थे। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन पर श्रम कानूनो का पालन नही कर रही है। पनी प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन दिया कि राममिलन यादव का इलाज का खर्च और जब तक स्वस्त नही हो जाते तब तक एक आश्रित को संविदाकार में नौकरी दी जाएगी और जो राममिलन को मिलती थी, वह मिलती रहेगी। एक संतान को नि:शुल्क शिक्षा परियोजना के द्वारा संचालित विद्यालय में दी जाएगी।

अमित द्विवेदी को अनसंग हीरोज अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव पर विंध्यनगर में सत्संग संध्या आयोजित, सिंगरौली विधायक रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। विंध्यनगर में परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 13 मई की सायंकाल बिवा क्लब में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा सत्संग संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में गुरु पूजा, भजन-सत्संग, आरती, केक कटिंग, भोग-प्रसाद वितरण एवं अनसंग हीरोज अवॉर्ड समारोह मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम के मुख्य गायक आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक मनोज जैन रहे।

उन्होंने अपने मधुर भजनों एवं सत्संग के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति और आनंद के भाव में सराबोर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना रहा। श्रद्धालु भजन-संगीत में झूमते हुए नजर आए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामनिवास शाह विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेश पांडेय मौजूद रहे।

अमित का समाज सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने पर अमित द्विवेदी को अनसंग हीरोज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उनकी संस्था नव प्रवाह द्वारा दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने मुक्तकंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि रामनिवास शाह ने अमित द्विवेदी को शील्ड एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से विधायक रामनिवास शाह को भी अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणेश मिश्रा को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक संजीव कुमार ने किया। इस दौरान श्री श्री रविशंकर के अनुवाई मौजूद रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया गया सम्मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। नगरीय क्षेत्र के जनगणना कार्य अंतर्गत जोन क्रमांक 3 के सर्किल नंबर 15 में 100 प्रतिशत एचएलबी कार्य पूर्ण करने पर नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में सुपरवाइजर राजकिशोर सिंह एवं प्रगणक साक्षी पटेल, सायरा बेगम, आईपी नगर, फूलकली शर्मा, संजीव कुमार पांडेय तथा एचएलबी 45 के प्रगणक विकास श्रीवास्तव शामिल रहे। इस

अवसर पर ननि आयुक्त ने जनगणना कार्य में टीम द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को इसी प्रकार समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नगर जनगणना अधिकारी ज्योति सिंह एवं जोन 3 के प्रभारी एचएम श्रीवास्तव मौजूद रहे।

खनुआ तिराहा पर जाम से लोग परेशान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। जिले में संचालित कोल कंपनी से निकलने वाले भारी कोयला वाहनों की धमाचौकड़ी अब आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। खनुआ तिराहा पर प्रतिदिन लगने वाले लंबे जाम से स्थानीय नागरिक, राहगीर, तथा छोटे वाहन चालक खासे परेशान हैं।

स्थिति यह है कि सुबह से लेकर देर शाम तक इस मार्ग पर कोल वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोल ब्लॉक

से निकलने वाले भारी हाइवा और ट्रेलर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन सड़क और यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में न तो कंपनी प्रबंधन कोई पहल कर रहा है और न ही जिला प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से ले रहा है।

विक्रेता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश

कमिश्नर एवं कलेक्टर द्वारा संयुक्त रूप से उचित मूल्य दुकान का किया गया औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा आज जिले के अंतर्गत ग्राम करसुआ राजा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान राशन वितरण में भारी अनियमितता और स्टॉक में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का मामला सामने आया है। आयुक्त द्वारा मौके पर दुकान के भंडार एवं वितरण पंजी का सूक्ष्मता से मिलान किया गया। साथ ही वहां उपस्थित

उपभोक्ताओं से चर्चा कर राशन वितरण की जमीनी हकीकत जानी गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि संबंधित विक्रेता द्वारा कुल 450 हितग्राहियों से पीओएस पर अंगूठे लगवा लिए गए थे और उन्हें ऑफलाइन पर्ची भी दे दी गई थी, लेकिन वास्तव में उन्हें राशन का भौतिक वितरण नहीं किया गया। प्रशासनिक टीम द्वारा दुकान के वास्तविक भंडार की जांच करने पर अभिलेखों और मौके की स्थिति में भारी अंतर उजागर हुआ। जांच में कुल 70 क्विंटल चावल एवं 85 क्विंटल गेहूं अधिक पाया गया, जो सीधे तौर पर गरीबों के राशन की कालाबाजारी को दर्शाता है। इस गंभीर वित्तीय अनियमितता और लापरवाही पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने जिला प्रशासन को संबंधित दोषी विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश दिए हैं।

यात्रा के दौरान बुजुर्ग महिला की मौत, लू लगने का अंदेशा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत हिंडालको गेट नम्बर 1 के समीप बस में यात्रा कर रही एक बुजुर्ग महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मोहरी पति शुद्धु सिंह उम्र 80 वर्ष निवासी कोल्हुआ गांव थाना सरई की है। बताया जा रहा है कि महिला किसी कार्य से बस के जरिए अपने गांव से बरगवां थाना क्षेत्र मनिहारी गांव अपने रिश्तेदारी में बहन के साथ यात्रा

कर रही थी और जैसे ही बस के नीचे उतरी इसी दौरान तेज गर्मी और उमस के बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बस में मौजूद यात्रियों और परिजनों ने महिला को नीचे उतारा और अचानक बेहोस होकर गिर पड़ी। घटना बरगवां हिंडालको गेट नम्बर 1 के पास की बताई जा रही है।

बताया जाता है कि महिला अपने गांव से रिश्तेदारी मनिहारी गांव बहन के साथ जा रही थी। बस से नीचे जैसे ही उतरी महिला अचेत होकर गिर पड़ी। फिलहाल बरगवां टीआई मो. समीर के अनुसार महिला यात्रा कर रही थी। जहां बस से उतरने के बाद अचानक अस्वस्थ्य हुई और यात्री तथा बस स्टाफ पानी का छीटा मारने लगे, फिर भी उसे नही बचाया जा सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बस स्टैंड बना गौवंशों का अखाड़ा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। जिले के अंतरराज्यीय बस स्टैंड बैढ़न का हाल इन दिनों बदहाल नजर आ रहा है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बनाए गए बस स्टैंड परिसर में दो गौवंश खुलेआम घूमते दिखाई दिए, जिससे वहां मौजूद यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिला मुख्यालय बैढ़न बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थान पर गौवंशों का इस तरह विचरण करना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। दिनभर यहां यात्रियों की भारी आवाजाही रहती है, ऐसे में कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी

रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम और संबंधित विभागों को इस ओर ध्यान देना चाहिए, ताकि बस स्टैंड परिसर सुरक्षित और व्यवस्थित बना रहे। लोगों ने मांग की है कि आवारा पशुओं की उचित व्यवस्था कर बस स्टैंड परिसर को सुरक्षित बनाया जाए, जिससे यात्रियों को राहत मिल सके।

तीसरे दिन भी जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल, विधायक की भी नहीं माने बात

स्थायीकरण समेत कई मांगों पर अड़े कर्मचारी, कचरे से पटे शहर में बढ़ी लोगों की परेशानी, ननि अध्यक्ष और बीजेपी नेता भी रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 14 मई। नपानि के सफाई कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। करीब 175 सफाई कर्मी नियमितीकरण समेत कई मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे रहे। हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर कचरे का अंबार लग गया है। जगह-जगह फैले कचरे और उठ रही बदबू से आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी बीच विधायक रामनिवास शाह धरना स्थल पहुंचे और आंदोलनरत कर्मचारियों से सीधा संवाद किया। उनके साथ नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष नरेश शाह, नगर निगम के उपायुक्त सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा उन्हें जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं विधायक रामनिवास शाह ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी जायज मांगों को नगर निगम

महापौर, ननि अध्यक्ष, आयुक्त और संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उनकी आवाज विधानसभा और राजधानी भोपाल तक पहुंचाई जाएगी।

उन्होंने कर्मचारियों से शहरहित और जनहित को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक संवाद बनाए रखने की अपील भी की। उधर सफाई व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ने से आमजन में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है।

सफाई कर्मियों की बढ़ती जा रही नाराजगी

धरना पर बैठे कर्मचारियों ने विधायक के सामने अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। कर्मचारियों का कहना था कि वर्षों से निगम में काम करने के बावजूद उन्हें स्थायी नहीं किया गया। कई बार आश्वासन मिले, लेकिन आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कर्मचारियों ने सीधे तौर पर महापौर रानी अग्रवाल को निशाने पर लेते हुए आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए गए, लेकिन अब उन वादों को भुला दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि स्थायीकरण, वेतन विसंगति, सुरक्षा व्यवस्था और कर्मचारी हितों से जुड़ी कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।